# आज आयेगे मुख्यमंत्री, लाडली बहनाओं को मिलेगी 29वीं किस्त

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव लाडली बहना योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे 1541 करोड की राशि



**श्योपुर जिले में 98 .87 करोड के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण, 460 .40 करोड़ के निर्माण कार्यो का शिलान्यास होगा**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले के प्रवास पर रहेगे, इस दौरान जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर की लगभग 1 करोड 26 लाख 86 हजार लाडली बहनाओं के बैंक खातों में 1541 करोड की राशि का अंतरण करेंगे। मेला ग्रांउड पर आयोजित उक्त कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 98.87 करोड के विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे तथा 460.40 करोड के निर्माण विकास कार्यो का शिलान्यास भी करेंगे। इसके पूर्व मुख्यंमंत्री डॉ मोहन यादव शहर में रोड शो के माध्यम से जनता का अभिवादन करेंगे।

श्री हजारेश्वर महादेव मेला मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड 26 लाख 86 हजार लाडली बहनाओं को लाडली बहना योजना की 29वी किस्त की राशि का अंतरण करेंगे। लगभग 15 अरब 41 करोड 45 लाख रूपये की राशि लाडली बहनाओं के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की जायेगी।

इस कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री का रोड शो होगा, यह रोड शो भाजपा कार्यालय से शुरू होगा तथा शिवपुरी रोड, गुलम्बर, मैन बाजार, मैन चौराहा होते हुए गणेश बाजार, पुल दरवाजा क्षेत्र से होकर निकलेगा।

**श्योपुर जिले में 98.87 करोड के विकास कार्यो का होगा लोकार्पण :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मेला ग्रांउड में आयोजित मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले के 98.87 करोड लागत के 14 निर्माण विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे। इसमें प्रेमसर-हिरनीखेडा-मूडला मार्ग का उन्नयनीकरण कार्य लागत 59.78 करोड, ग्राम अकोरिया में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.27 करोड, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास भवन आवदा लागत 4.04 करोड, 10 अतिरिक्त कक्ष उमावि आवदा लागत 3.82 करोड, मल्टीपरपज सेंटर इन्द्रपुरा राडेप एवं बुढेरा लागत 60-60 लाख, खैरघटा में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.44 करोड, हिरनीखेडा में नवीन सब स्टेशन लागत 2.65 करोड, पच्चीपुरा में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.91 करोड, मेखडी में नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.16 करोड, सलापुरा में विधुत सब स्टेशन निर्माण लागत 2.58 करोड, बगदरी, जावदेश्वर, बमूली गुसाई, फूलदा, नसीरपुरा एवं सेमल्दा में नलजल योजनाएं लागत 7.48 करोड, गोवर्धा खुर्द, खिरखिरी, परतवाडा में नलजल योजनाएं लागत 3.81 करोड एवं अरोदा, छापर, बुढेरा में नलजल योजनाएं लागत 3.73 करोड के कार्य शामिल है।

**460.40 करोड के निर्माण कार्यो का शिलान्यास होगा :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इस अवसर पर 460.40 करोड के 26 कार्यो के लिए शिलान्यास किया जायेगा। इसके अंतर्गत गोरस-कराहल-पोहरी-शिवपुरी मार्ग का उन्नयनीकरण लागत 322.01 करोड, 100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण विजयपुर एवं पहेला लागत 8-8 करोड, 50 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण श्योपुर एवं पहेल लागत 4.6-4.6 करोड, नगरपालिका श्योपुर की एसबीएम 2.0 अंतर्गत लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एसटीपी प्लांट निर्माण कार्य लागत 16.83 करोड, एसबीएम 2.0 अंतर्गत एमआरएफप्लांट एवं कम्पोस्टिंग प्लांट सुदृढीकरण कार्य 1.64 करोड, नगरपालिका परिषद श्योपुर की लीगेसी वेस्ट डम्प साइड रेमीडिऐशन परियोजना कार्य 1.54 करोड, बायपास पार्क के पास मॉडल चौपाटी निर्माण कार्य 2.5 करोड, कराहल बायपास मार्ग निर्माण लागत 7.37 करोड, सरजूपुरा से मालीपुरा सडक निर्माण लागत 3.34 करोड, सहसराम से बूढदा मार्ग निर्माण लागत 13.3 करोड, एल106 ढोढर से नीमदा का सहराना तक सडक निर्माण लागत 2.24 करोड, एल105-राजौरा रोड से पहाडली आदिवासी बस्ती तक सडक निर्माण लागत 38 लाख, आमेठ रोड से इन्द्रा कॉलोनी राहरौन सडक लागत 91 लाख, मोरावन-टिकटोली रोड से सिलोरी तक सडक लागत 52 लाख, टर्राकला से पकोडिया का सहराना तक सडक 51 लाख, पचनया से बीसा का सहराना तक सडक 1.57 करोड, खजूरी रोड से दुरेडी तक सडक लागत 49 लाख, खजूरी रोड से बंसतापुरा तक सडक लागत 1.13 करोड, निमानिया नवीन विधुत सब स्टेशन लागत 2.73 करोड, सरोदा से काशीपुरा के मध्य सीप नदी पर पुल निर्माण लागत 37.98 करोड, निमोदामठ से नयागांव आवदा-अजापुरा रोड के मध्य सीप नदी पर पुलिया निर्माण लागत 8.09 करोड, सहरिया जनजाति सांस्कृतिक केन्द्र टिकटोली निर्माण लागत 5 करोड, सामुदायिक भवन कराहल निर्माण लागत 50 लाख तथा नगर परिषद बडौदा की एसबीएम 2.0 लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत एसटीपी प्लांट निर्माण कार्य लागत 4.61 करोड शामिल है।

**स्वसहायता समूह की महिलाओं को सौपेंगे 30 करोड से अधिक सीसीएल राशि का चैक :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो के तहत एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह की महिलाओं को 30 करोड 12 लाख रूपये की सीसीएल राशि का चौक सौपेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री दुधारू गाय प्रतियोगिता पुस्कार योजना, आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निशुल्क उपचार योजना, मुख्यमंत्री कल्याण विवाह सहायता योजना, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

# नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला दो दिवसीय प्रवास पर आज श्योपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 11 अक्टूबर को दोपहर 12.05 बजे ग्वालियर से पोहरी के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 02 बजे पोहरी तहसील के ग्राम भदरोनी में विशाल सिंह के निज निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने जायेगे। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला दोपहर 2.30 बजे पोहरी से कराहल के लिए प्रस्थान करेंगे एवं शाम 4 बजे सेसईपुरा स्थित कूनो रिसोर्ट पहुंचेगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 12 अक्टूबर को प्रात: 9.30 बजे कूनो रिसोर्ट से प्रस्थान कर प्रात: 10.30 बजे श्योपुर आयेंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# कोटा बैराज से चंबल नहर में छोडा गया पानी

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के प्रयासों तथा मंत्री स्तर की चर्चा के बाद कोटा बैराज से चंबल नहर में पानी छोड दिया गया है। धान की फ्सल में पानी की आवश्यकता को देखते हुए किसानों द्वारा चंबल नहर में पानी छोडे जाने की मांग की जा रही थी। इसी को दृष्टिगत रखते हुए चंबल नहर में कोटा बैराज से 575 क्यूसेक पानी छोड दिया गया है। धीरे-धीरे पानी की मात्रा मांग अनुसार 700 क्यूसेक तक बढाई जायेगी।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चेतन्य चौहान ने बताया कि कृषको द्वारा चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी छोडे जाने की मांग पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा कोटा बैराज से अधिकारियों तथा संभागीय कमिश्नर से चर्चा की गई थी तथा मध्यप्रदेश के उच्च अधिकारियों को इस मांग से अवगत कराया गया था। इसके उपरांत गत 7 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत से दूरभाष पर चर्चा की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये और चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड दिया गया है। जिससे किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

# पुलिस ने स्मैक के तस्कर को पकड़ा



नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** श्योपुर पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के कुशल निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना की मोनिटरिंग में नशे के खिलाफकार्यवाही करते हुए थाना बड़ौदा एवं चौकी पाण्डौला की पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक के तस्कर के विरूद्ध कार्यवाही करने में बड़ी सफ्लता हासिल करते हुए आरोपी से भारी मात्रा में 10.56 ग्राम स्मैक कीमती 100000/- रूपये की एवं एक हिरो स्प्लेण्डर मो.सा. काले रंग की कीमती 70000/- रूपये की कुल मशरूका कीमती 170000/- रूपये का जप्त किया गया।

यह है कि दिनांक 10.10.25 को मुखबिर की सूचना पर आवदा नहर की पुलिया के पास भसुंधर रोड़ मौजा पाण्डोला से आरोपी मुकेश माली पुत्र जुगराज माली उम्र 28 साल निवासी पाण्डौला थाना बड़ौदा को अवैध मादक पदार्थ स्मैक से ले जाते हुए पकड़ा गया बाद आरोपी के कब्जे से मौके पर अवैध मादक पदार्थ स्मैक 10.56 ग्राम कीमती 100000- रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक हिरो स्प्लेण्डर मो.सा. चौसिस न. डठस्भ्ॉ119ड4म02899 कीमती करीबन 70000- रूपये की कुल मशरूका 170000- रूपये का जप्त किया जाकर अप.क्र. 270/25 धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना प्रकरण सदकर में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट इजाफ की गई जिसमें वांछित आरोपी स्मैक का सरगना शरीफउर्फचाचा उर्फलगडा पुत्र करीम मुसलमान उम्र 50 साल नि.अमन कॉलोनी बारॉं राजस्थान को आज दिनांक 11.10.25 को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से नगदी मसरूका जप्त किया गया जिसको माननीय न्यायालय श्योपुर पेश किया गया है।

यह है कि वांछित आरोपी स्मैक का सरगना शरीफ उर्फ चाचा उर्फ लगडा पुत्र करीम मुसलमान उम्र 50 साल नि.अमन कॉलोनी बारॉं राजस्थान पर राजस्थान में हत्या,बल्वा, मारपीट एवं स्मैक संबंधी एनडीपीएस एक्ट के तहत कई प्रकरण पंजीबद्ध है आरोपी आपराधिक प्रवृति का होकर बदमाश किस्म का है।

सराहनीय कायर्रू- निरी. सत्यम सिंह गुर्जर थाना प्रभारी थाना बड़ौदा, उनि धर्मेन्द्र शर्मा, सउनि श्यामवीर सिंह चौकी प्रभारी चौकी पाण्डौला, प्रआर. 194 सुनील भार्गव, आर. 103 मनोज शर्मा, आर.66 राकेश कुमार,म.आर.586 प्रियंका जादौन, आर.चा. 81 कुलदीप शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।



# मुख्यमंत्री के भ्रमण को लेकर कलेक्टर ने किया व्यवस्थाओं का अवलोकन

**सभास्थल पर लिया तैयारियों का जायजा, जनप्रतिनिधि भी रहें उपस्थित**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले के भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के साथ सभा स्थल मेला ग्रांउड पर की जा रही विभिन्न तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस अवसर पर पूर्व वनमंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, ओम राठौर, सुजीत गर्ग आदि उपस्थित थे। इसके अलावा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, एसडीएम गगन मीणा, एसडीओपी राजीव गुप्ता आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा सभा स्थल मेला ग्रांउड पर मंच एवं बैठक व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार सभा स्थल पर महिलाओं एवं पुरूषो के लिए अलग-अलग इनक्लोजर बनाये गये है। उन्होने सभा स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये है। इसके साथ ही उन्होने सभा स्थल पर हितलाभ होने वाले हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था तथा गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों की बैठक व्यवस्था के संबंध में जायजा लिया गया।

## एक नजर में

### तेजी व लापरवाही से चलाकर एक को टक्कर मारी

**श्योपुर।** थाना देहात सडक दुर्घटना फ्रि. विपिन पुत्र देवीशंकर करैरिया उम्र 24 साल नि. भोई मोहल्ला श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि.10.10.25 के 15.00 बजे स्थान भारत पेट्रोल पंप के पास बडौदा रोड पर आरोपी अज्ञात मो.सा. चालक ने गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाकर फ्रि. की मो.सा. मे टक्कर मारदी जिससे फ्रि. व उसके पिताजी को चोटे आयी दि. 10.10.25 के 19.33 बजे अप.क्र.276/25 धारा 125ए 281 वीएनएस कायम कर लिया है ।

### जुआ खेलते पकड़े

विजयपुर जुआ खेलते पकडा थाना आरोपीगण एसचिन पुत्र रामकिशोर आदिवासी उम्र 26 साल नि. वार्ड न. किला मोहल्ला ,रासिद पुत्र असगर खान उम्र 31 साल नि. वार्ड न. 02 ,छोटू पुत्र रामरतन बाथम उम्र 35 साल नि. वार्ड न. 03 बाथम मोहल्ला विजयपुर को दि. 10.10.25 के 16.25 से 16.35 बजे स्थान बनिया की दुकान के बाहर गाँधी चौक विजयपुर पर ताशपत्तो से रुपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पकडे इनके कब्जे से 350- रू नगद व एक ताश गड्डी जप्त की दि. 10.10.25 के 17.14 बजे अप.क्र.398/25 धारा 13 जुआ एक्ट कायम कर लिया है ।

### जमीनी हिस्से की बात को लेकर मारपीट

थाना विजयपुर मारपीट फ्रियादिया सुरेखा पत्नी उम्मेद जाटव उम्र 32 साल निवासी बंगा थाना विजयपुर ने रिपोर्ट की के दिनांक 10.10.25 के 07 .30 बजे स्थान फ्रियादिया का घर ग्राम बंगा आरोपीगण ,हेमराज पुत्र मांगी जाटव ,फूलवती पत्नी हेमराज जाटव निवासीगण सदर ने फ्रियादी व फ्रियादी के पति को जमीनी हिस्सा की बात को लेकर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।दिनांक 11.10.25 के 14.06 बजे अपराध क्रमांक 399/25 धारा 115 (2), 296, 351(3) 3(5) बीएनएस एक्ट कायम कर लिया है

### पुरानी रंजिश की बात को लेकर मारपीट

थाना विजयपुर मारपीट फ्रियादी रमतार पुत्र शिव सिंह आदिवासी उम्र 40 साल निवासी बीलदा सहराना ने रिपोर्ट की के दिनांक 11.10 .25 के 09.00 से 09.30 बजे तक स्थान फ्रियादी के घर के बाहर ग्राम बीलदा का सहराना आरोपीगण ,अंकेश पुत्र लाल्ली आदिवासी ,महेश आदिवासी ग्राम दंगपुरा थाना अगरा ने फ्रियादी को पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी । दिनांक 11.10 .25 के 15. 34 बजे अपराध क्रमांक 400/25 धारा 115(2),296, 351(2), 3(5) बीएनएस एक्ट कायम कर लिया है

### जमीनी बंटवारे की बात को लेकर मारपीट

थाना कराहल मारपीट फ्रियादी जितेंद्र आदिवासी पुत्र पर्वत आदिवासी उम्र 45 साल निवासी सिलपुरी ने रिपोर्ट की कि दिनांक 10.10.25 के 23.00 बजे स्थान फ्रियादी के घर के बाहर ग्राम सिलपुरी आरोपीगण ,सत्तू आदिवासी , राजेंद्र आदिवासी , गुड्डी बाई आदिवासी निवासीगढ़ण सदर ने फ्रि. को जमीनी बंटवारे की बात को लेकर गंदी गंदी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी स दिनांक 11.10.25 के 12. 31 बजे अपराध क्रमांक 175/25 धारा 296,115 (2),3 (5 )बीएनएस एक्ट कायम लिया है।

# पीएम ने किया दलहन मिशन का शुभारंभ



**कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुआ सीधा प्रसारण**

नवभारत न्यूज

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आज राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा नई दिल्ली से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, दलहन मिशन आत्मनिर्भरता, कृषि अधोसंरचना, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण जेसी विभिन्न क्षेत्र की 2100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास जिसकी राशि 42000 करोड से अधिक राशि का शुभारंभ किया गया।

उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम के दौरान किया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुनेश शाक्य, उपसंचालक कृषि, जी.के. पचौरिया, परियोजना संचालक आत्मा, मुकेश मीणा, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, कमल प्रताप, मत्स्य निरीक्षक, डॉ. सचिन उपाध्याय पशु चिकित्सक, महेन्द्र आर्य जिला मीडिया प्रभारी अनुजाति, अनुजजा मोर्चा, डॉ. चन्द्रभान सिंह जाटव वैज्ञानिक, डॉ. यूसी शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, श्रीमती कल्पना कश्यप एवं प्रगतिशील किसान उपस्थत थे।

इस अवसर पर किसानों को मुख्य रूप से खेत की मिट्टी को स्वस्थ बनानें के लिये पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती मिटट्टी परीक्षण आदि के बारें में महत्व पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. लाखन सिंह गुर्जर, वैज्ञानिक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# वाहनों की पार्किग इन इन स्थानो पर

**श्योपुर, 11 अक्टूबर।** श्योपुर में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन का भ्रमण कार्यक्रम एवं रोड शो प्रस्तावित होने के कारण जिला श्योपुर में यातायात व्यवस्था को निम्न प्रकार परिवर्तित किया गया है

1. बडौदा एवं खाँतौली, कोटा की ओर जाने वाली बसों का संचालन-खतौली तिराहे के पास से किया जावेगा

2. श्योपुर से ग्वालियर, शिवपुरी जाने वाली बसों का संचालन - ईको सेन्टर के आगे बने नवीन वायपास से किया जावेगा ।

3. श्योपुर से सवाई माधौपुर जाने वाली बसों का संचालन सलापुरा नहर से किया जावेगा ।

4. माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के कार्यक्रम एवं रोड शो के दौरान भारी वाहनो का शहर में शिवपुरी रोड पर ईको सेन्टर से पाली रोड पर रायपुरा वायपास तिराहा से एवं बडौदा रोड पर अजापुरा तिराहा से एवं खाँतौली रोडपर जैदा मण्डी तिराहे से भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा ।

5. माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कार्यक्रम में आने वाले सभी प्रकार के वाहनों की पार्किग व्यवस्था निम्नानुसार निर्धारित की गई है

**शिवपुरी रोड से आने वाले बस/ट्रैक्टर/कार पार्किंग**

पाली रोड एवं बडौदा रोड से आने वाले बस/ट्रैक्टर पार्किग पाली रोड एवं बडौदा रोड से आने वाले कार एवं हल्के वाहनों की पार्किग पार्किंग स्थल भगतसिंह गार्डन के पीछे त्व्व् ऑफ्सि के सामने एरीगेशन ग्राउण्ड पार्किंग मनीष डेयरी के सामने शास0 मिडिल स्कूल चम्बल कॉलोनी के अंदर पार्किंग, कार्यक्रम में आने वाले वाहन बाया, खाँतौली एवं बडौदा रोड से बंजारा डेम, ओम दलाल वाली गली, पाली रोड नवीन बस स्टैण्ड के अन्दर से होते हुये एरीगेशन ग्राउण्ड पाली रोड में दोपहर 12 बजे तक पार्क किये जा सकेंगें इसके पश्चात वाहनों की पार्किंग जैदा मंण्डी परिसर में की जावेगी ।

# विधायक ने ग्रामों में पहुँचकर जताया शोक, दिवंगतजनों के परिजनों से की मुलाकात



**इंदरगढ़ 11 अक्टूबर।** विधानसभा क्षेत्र में विधायक प्रदीप अग्रवाल ने विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की उन्होंने सबसे पहले ग्राम चीना पहुँचकर केशव राजपूत की माताजी के निधन पर उनके निज निवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने ग्राम चीना में ही शिक्षक राजकुमार राजपूत के अनुज भ्राता के निधन पर उनके निवास पर पहुँचकर परिजनों को सांत्वना दी इसके उपरांत ग्राम निमोना में निरभाल सिंह गुर्जर के परमपूज्य पिताजी के निधन पर आयोजित त्रयोदशी गंग भोज भंडारे में सम्मिलित हुए और श्रद्धांजलि दी सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम रोनी में धर्मेंद्र शर्मा की धर्मपत्नी के निधन पर उनके निवास पर पहुँचकर संवेदना व्यक्त कीए वहीं ग्राम उचाड़ में मुनीर खान के पुत्र के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को ढांढस बंधाया।इसके बाद ग्राम मेंदोरा में सड़क दुर्घटना में दिवंगत मुलायम सिंह रावत के पुत्र के निधन पर उनके निज निवास पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप दांतरे भास्कर गुप्ता रामज्ञान शर्मा देवेश चौधरी प्रवीण गौर मातादीन यादव राममिलन चौधरी राजपाल गुर्जर संदीप गुर्जर रुस्तम कौरव बाबूलाल राजपूत गजेंद्र चतुर्वेदीए नारायण दास झा अजब सिंह यादवए त्रिलोक सिंह रावत और पवन पाठक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे विधायक अग्रवाल ने कहाएशोक की इस घड़ी में मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# शासकीय महाविद्यालय में पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**इंदरगढ़ 11 अक्टूबर।** आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित एवं पूजा अर्चना से हुई। छात्र छात्राओं को उद्बोधन स्वरूप माननीय प्राचार्य द्वारा प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया । क्विज प्रतियोगिता के लिए प्राचार्य द्वारा पर्ची माध्यम से तीन टीम बनाई गई जिनके बीच पर्यावरण प्रश्न उत्तर पूछा गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ मुकेश कुमार मौर्य द्वारा छात्र.छात्राओं द्वारा खेले गए क्विज का पारदर्शिता पूर्वक आकलन किया गया निर्णायक समिति के निर्णय पश्चात शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदरगढ़ से पधारे अतिथि श्री राजवीर गर्गए श्री अनूप कुमार तोपो एश्री अखिलेश सिंह ए श्री जितेंद्र दोहरी जी द्वारा विजेता टीम तथा उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। और अपने संबोधन में श्री अरविंद हर्ष जी ने इको क्लब सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्य इस क्षेत्र के घर.घर में पर्यावरण के प्रति एक नया संदेश प्रदान करेंगे कार्यक्रम में विद्यालय के 70 से 75 छात्राओं ने भाग लिया। अंत में इको क्लब प्रभारी डॉण् शबना वानो द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफडॉण् सरिता सिंहए श्री हरविलास जाटवए शुभम तिवारी एरोहित कुशवाहाए लतीफ खानए दुष्यंत कर्णएनीरज कर्णएउत्तम सिंह बघेल एवं महाविद्यालय छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।